तंबाकू छिपाकर ले जाते प्रहरी पकड़ाया, निलंबित

सोशल मीडिया पर वर्दी में पिस्टल लहराते हुए तस्वीर भी हुई वायरल

नवभारत न्यूज

सतना, 6 जून. केंद्रीय जेल की सुरक्षा व्यवस्था में एक बार फिर बड़ा झोल सामने आया है। जेल के भीतर तंबाकू ले जाने के आरोप में एक जेल प्रहरी को रंगे हाथों पकड़ा गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल अधीक्षक ने आरोपी प्रहरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और मामले की उच्च स्तरीय विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह 4 से 8 बजे की शिफ्ट के दौरान मुख्य प्रहरी सैय्यद इसरार जेल परिसर में नियमित जांच कर रहे थे। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात प्रहरी बनवारी लाल जाटव की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर उनकी तलाशी ली गई। कड़ाई से की गई जांच में प्रहरी के बेल्ट के ठीक नीचे टेप से लपेटकर छिपाई गई एक पुडिया बरामद हुई। जब पुडिया को खोलकर देखा गया, तो उसमें करीब 10 से 12 ग्राम प्रतिबंधित तंबाकू पाई गई। मौके पर ही पंचनामा तैयार कर तंबाकू को जब्त कर लिया गया और इसकी सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। केंद्रीय जेल परिसर में तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट या किसी भी प्रकार की नशीली सामग्री ले जाना पूरी तरह से कानूनन जुर्म और प्रतिबंधित है। इसे जेल नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए जेल अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया और आरोपी प्रहरी बनवारी लाल जाटव को तुरंत सस्पेंड कर दिया। निलंबन की इस कार्रवाई के बीच आरोपी प्रहरी बनवारी लाल जाटव की एक और तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर में वह पुलिस की वर्दी पहने हुए हाथ में पिस्टल थामे नजर आ रहा है। हालांकि, जेल प्रशासन ने इस तस्वीर की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन चर्चा है कि यह तस्वीर महज रौब और प्रभाव दिखाने के उद्देश्य से खिंचवाई गई थी।

पहले भी उठ चुके हैं सुरक्षा पर सवाल

केंद्रीय जेल में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जेल के भीतर गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने के आरोप में एक अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा चुकी है। बार-बार सामने आ रहे इन मामलों ने जेल की अंदरूनी सुरक्षा और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नए परिवहन अधिकारी होंगे रवि बलेरिया

सतना, 6 जून. मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से परिवहन अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार रवि बलेरिया, जो वर्तमान में जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर के पद पर पदस्थ हैं, उन्हें प्रभारी अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (ऋझह) सतना के पद पर पदस्थ किया गया है। परिवहन विभाग द्वारा 5 जून 2026 को जारी आदेश में बताया गया है कि रवि बलेरिया को तत्काल प्रभाव से सतना में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, श्री अनिमेष गढ़पाले, जो वर्तमान में जिला परिवहन अधिकारी बालाघाट के पद पर कार्यरत हैं,

शहर के कई इलाकों में बंद रहेगी बिजली

प्री-मानसून मेंटीनेंस को लेकर शेड्यूल जारी

नवभारत न्यूज

सतना, 6जून. शहर में मानसून के आगमन से पहले बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो गई है।

रविवार को शहर के विभिन्न 33/11 केवी उपकेंद्रों (सब-स्टेशनों) में प्री-मानसून एक्टिविटी के तहत आवश्यक रखरखाव और मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस वजह से शहर के दर्जनों प्रमुख इलाकों में सुबह के समय अलग-अलग चरणों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेंटेनेंस का काम दो मुख्य शिफ्टों में पूरा किया जाएगा, जिसके लिए रूट चार्ट और समय तय कर दिया गया है सुबह 7 से 9 बजे तक इन इलाकों में बिजली बंद रहेगी. पहले चरण में सुबह 07ः00 बजे से 09ः00 बजे तक सिविल लाइन एवं टिकुरिया टोला उपकेंद्र बंद रहेंगे।सिविल लाइन और जिला न्यायालय परिसर पौराणिक टोला व निशांत विहार राजेंद्र नगर, टिकुरिया टोला, डिलौरा, परमहंस नगर और मैहर बाईपास। सुबह 9 से 11 बजे तक इन क्षेत्रों की कटेगी बिजली दूसरे चरण में सुबह 09ः00 बजे से 11ः00 बजे तक बगहा और स्मार्ट सिटी उपकेंद्रों का रखरखाव कार्य प्रस्तावित है।

बगहा, गढ़िया टोला और अमोघा संत नगर, सोनौरा, बेलहटा, सिजहटा और कटिया ,बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस तय समयावधि को ध्यान में रखते हुए पानी भरने और अन्य जरूरी काम सुबह ही पूरा कर लें, ताकि कटौती के दौरान किसी अप्रिय असुविधा का सामना न करना पड़े।

विभाग का कहना है कि बारिश के मौसम में फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या को रोकने के लिए यह मेंटेनेंस बेहद जरूरी है।

अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

मैहर पुलिस ने की कार्रवाई, पकड़ी गई शराब की कीमत 78 हजार

नवभारत न्यूज

मैहर, 6 जून. जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है।

इसी कड़ी में मैहर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से विभिन्न ब्रांड्स की कुल 64 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 78 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर 15 में स्थित एक बंद पड़ी बर्फ फैक्ट्री में अवैध शराब की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई है, जिसे बेचने की तैयारी चल रही है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान फैक्ट्री के भीतर से 11 कार्टून बरामद हुए, जिनमें रॉयल स्टैग , ऑफिसर च्वाइस, मैकडॉवल, बैगपाइपर और गोवा व्हिस्की जैसे नामी ब्रांड्स की अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई थी।

सिंधी कॉलोनी के दो आरोपी दबोचे गए

पुलिस ने मौके से शराब तस्करी में लिप्त दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमे से मुकेश सचदेव उर्फ मुक्कू (41 वर्ष), पिता शंकरलाल सचदेव, निवासी- सिंधी कॉलोनी, मैहर , दिलीप साहनी (52 वर्ष), पिता नत्थूमल साहनी, निवासी- सिंधी कॉलोनी, मैहर , पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त अपराधियों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती के साथ निरंतर जारी रहेगा।कार्यवाही में मुख्य रूप से कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, एएसआई अरविंद द्विवेदी, हेड कांस्टेबल रविंद्र अवस्थी, जय बागरी, राजेंद्र सिंह, सोमेश सिंह, हिमांशु कुमार और मोहित वैष्णव की मुख्य भूमिका रही।

इनका कहना है

मामले की जांच एसडीओपी और थाना प्रभारी कर रहे हैं। वाहन में शराब तस्करी से जुड़े लोगों के होने की जानकारी मिली है। तथ्य और साक्ष्यों के आधार पर सख्त कार्रवाई होगी। किसी भी शराब तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा।

अवधेश प्रताप सिंह
पुलिस अधीक्षक मैहर

घूरडांग में फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 6 जून. घूरडांग में जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को कोलगवां पुलिस शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

कोलगवां थाना प्रभारी निरीक्षक सुदीप सोनी के मुताबिक 05जून को फरियादी हर्ष प्रताप सिंह सोमवंशी पिता रामदास सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कोठरा थाना जैतवारा हाल निवासी घूरडांग राधे श्याम शुक्ला के बगिया के सामनें वार्ड क्र. 11 थाना कोलगवां जिला सतना (म.प्र.) ने रिपोर्ट किया कि अपने घर में कैरमबोर्ड खेल रहे थे. तभी अमित सोनी निवासी बाल्मीक कालोनी, अपने साथियों के साथ मोटरसायकल में शाम 04.00 बजे आये और पुराने विवाद को लेकर मुझे चिल्लाते हुए मां बहन की गाली देते हुए बोले कि निकलो बडे गुण्डा बने हो हत्या कर देंगे। सफेद कलर की स्कूटी नं. बिना नम्बर की एवं पंकज तिवारी की होण्डासाइन मो.सा. क्र. एम पी19जेड सी8417 को पत्थर डण्डा मारकर छतिग्रस्त करने लगे तब मैं व यशराज त्रिपाठी एवं अभिषेक तिवारी अपने छत में चढकर बाहर देखे तो अंकित सिंह, युवराज उर्फ राजा बाबू पत्थर चलाने लगे इतने में अमित सोनी एवं अमर सिंह निवासी अकौना का मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुए मुझे जान से मारने की नियत से दोनो नें कुल 5 राउण्ड फायर किये तब मैं अपना सिर नीचे कर लिया तो गोली मेरे सिर के बगल से निकल गई। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध धारा 296 (ए), 109(1), 324(4),351 (3), 3 (5) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आठ साल पहले तैयार हुआ छात्रावास आज तक नहीं खुला दरवाजा

35 छात्राओं के लिए बनाई गई सुविधा

नवभारत न्यूज

सतना 6 जून, उच्च शिक्षा में छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए छात्रावासों की जमीनी हकीकत सवालों के घेरे में है.

शहर के शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में वर्ष 2018 में तैयार हुआ बालिका छात्रावास आज भी संचालन की मंजूरी का इंतजार कर रहा है. मिली जानकारी के अनुसार महाविद्यालय परिसर में निर्मित यह छात्रावास वर्ष 2018 में बनाया गया था निर्माण पूर्ण होने के बाद उम्मीद थी कि जिले और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी. लेकिन समय बीतता गया और छात्रावास का संचालन शुरू नहीं हो पाया. इस संदर्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश चंद्र राय ने बताया कि छात्रावास संचालन के लिए कॉलेज की ओर से शासन स्तर पर आवश्यक आवेदन और पत्राचार भेजे गये हैं इसके साथ ही उन्होंने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन ने अपने स्तर पर प्रक्रिया पूरी करते हुए संबंधित प्रस्ताव भेजे लेकिन अब तक संचालन की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है.

गौरतलब है कि महाविद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से अध्ययन के लिए पहुंचती हैं. ऐसे में छात्रावास शुरू होने पर उन्हें आवास संबंधी सुविधा मिल सकती है. वर्तमान में कई छात्राओं को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर कॉलेज आना पड़ता है .छात्रावास के संचालन में हो रही देरी के कारण वर्षों से इसका अपेक्षित लाभ छात्राओं तक नहीं पहुंच पा रहा है.

अवैध नशीली कफ सिरफ के साथ एक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 6 जून. अवैध नशीली कफ शीरफ की बिक्री करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि थाने में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सामुदायिक भवन के पास राजेन्द्र नगर में अवैध नशीली कफ सीरफ की बिक्री करने हेतु बैंग लिये खडा है पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम दिशान्त विरिया पिता राजेश विरिया उम्र 26 वर्ष निवासी राजेन्द्र नगर गली नंबर 16 थाना सिटी कोतवाली जिला सतना म.प्र. का होना बताया व बैंग की तलाशी ली गयी तो उसमें 11 नग आनरेक्स कफ सीरफ काहोना पाया गया.

अड़ीबाजी का आरोपी पकड़ाया

सतना, 6 जून. शराब पीने के लिए पैसे नही

देने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के फरार आरोपी राज सिंह व अमित सोनी की पतासाजी हेतु टीमे लगाई गई थी जो मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त होने पर आरोपी राज उर्फ निर्भय सिंह पिता जितेन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी देवमउ दलदल को विधिवत गिरफ्तार किया गया.

डॉक्टर की जांच के लिए पहुंचा दल, डेढ़ घंटे चली सुनवाई

मरीजों को हायर सेन्टर रेफर करने के बजाय निजी अस्पतालों में भेजने का आरोप

नवभारत न्यूज

मैहर, 6 जून. सिविल अस्पताल मैहर में पदस्थ डॉ. दीपक तिवारी के विरुद्ध की गई शिकायत की जांच के लिए शनिवार को प्रशासनिक टीम अस्पताल पहुंची. जांच के दौरान शिकायतकर्ता और संबंधित पक्षों की मौजूदगी में करीब डेढ़ घंटे तक बंद कमरे में सुनवाई की गई.

जानकारी के अनुसार जांच टीम में डिप्टी कलेक्टर आसिमा पटेल तहसीलदार जितेंद्र पटेल तथा बीएमओ डॉ. पीयूष पांडेय शामिल रहे. सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता एवं संबंधित पक्षों को बुलाकर मामले से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. सुनवाई के बाद दोनों पक्षों के कथनों के आधार पर पंचनामा तैयार कर हस्ताक्षर भी कराए गए.शिकायतकर्ता अनिल उपाध्याय ने बताया कि जांच अधिकारियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना. इसके साथ ही उनका आरोप है कि सुनवाई के दौरान डॉ. दीपक तिवारी द्वारा उनके एवं उनके परिवार के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए विवाद करने का प्रयास किया गया. शिकायतकर्ता के अनुसार स्थिति को देखते हुए तहसीलदार जितेंद्र पटेल को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने माहौल शांत कराया.

हालांकि मामले में जांच टीम की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी सामने नहीं आई है. बताया जा रहा है कि फिलहाल अधिकारियों ने दोनों पक्षों के बयान और दस्तावेज संकलित कर लिए हैं.

उतैली में ताला तोड़कर घर से 63 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

नवभारत न्यूज

सतना, 6 जून. उतैली में बन्द घर का ताला तोड़कर पुलिस ने 63 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त किया है.इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नही हुई.

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संतोष कुमार जैसवाल उर्फ पंजू एवं विकास जैसवाल दोनों लोग अपने घर सीताराम पेट्रोल पंप के पीछे उतैली मे काफी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब रखे है एवं बिक्री करते है. सूचना विश्वसनीय होने से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए प्राप्त दिशा निर्देशानुसार मुखबिर के बताये स्थान सीताराम पेट्रोल पंप के पीछे उतैली सतना मे पहुंचकर संतोष कुमार जैसवाल उर्फ पंजू एवं विकास जैसवाल के घर के सामने देखे कि घर मे ताला बंद था घर के बाहर दो लोग खड़े हुये थे जिनसे संतोष कुमार जैसवाल उर्फ पंजू एवं विकास जैसवाल के संबंध में पूछताँछ की गई जो पूछने पर वहां से भाग गये, उनका पीछा किया गया जो नही मिले। पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए घर मे लगे ताला को तोडा गया एवं घर के अंदर की तलाशी ली गई जो घर के अंदर एक कमरे में खाखी रंग के कार्टून की 07 पेटी शराब रखी हुई थी, जिसका विधिवत पंचनामा तैयार करते हुए कुल 63 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब कुल कीमती 62,082 रुपये जप्त कर शीलबंद कर कब्जे पुलिस लिया गया।

उपचार में नई क्रांति: उम्मीद की एक नई किरण Advertorial

डॉ. भरत भोसले
वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट

कुछ समय पहले तक, कैंसर का नाम सुनते ही मन में डर बैठ जाता था। यह डर केवल बीमारी का ही नहीं, बल्कि उसके इलाज का भी होता था। मरीजों को लगता था कि इलाज बहुत जटिल होगातेज़ दवाओं के दुष्प्रभाव, लंबे समय तक अस्पताल में रहना, और शारीरिक-मानसिक तकलीफें। लेकिन तस्वीर बदल चुकी है। अपने रोज़मर्रा के अनुभव में मैं एक नई उम्मीद देखता हूँबेहतर इलाज, अच्छे परिणाम, और ऐसी उपचार पद्धतियाँ जिन्हें मरीज आसानी से सहन कर पा रहे हैं।

कैंसर के इलाज में पिछले कुछ वर्षों में बहुत बड़ा बदलाव आया है। सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी आज महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अब हमारे पास और भी समझदारी भरे और सटीक इलाज उपलब्ध हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है इम्यूनोथेरेपी। यह इलाज सीधे कैंसर पर हमला नहीं करता, बल्कि शरीर की अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाकर कैंसर से लड़ने में मदद करता है। मैंने ऐसे कई देखे हैं जिनका कैंसर काफी बढ़ चुका था, लेकिन इस इलाज से उन्हें अच्छा फायदा हुआ। खास बात यह है कि इसके दुष्प्रभाव पारंपरिक कीमोथेरेपी की तुलना में कम होते हैं, जिससे मरीज अपनी सामान्य जिंदगी जारी रख पाते हैं।

दूसरा बड़ा कदम है टारगेटेड थेरेपी। अब हम समझ हैं कि हर कैंसर एक जैसा नहीं होता। हर मरीज के कैंसर की अपनी अलग विशेषताएँ होती हैं। जांच के जरिए जब हमें कैंसर की खास कमजोरी (म्यूटेशन) का पता चलता है, तो हम उसी पर असर करने वाली दवा चुनते हैं। इससे इलाज ज्यादा असरदार और सुरक्षित होता

अब हम पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के दौर में हैं। नई तकनीकों से हम मरीज के कैंसर की पूरी जानकारी लेकर शुरुआत से ही सही इलाज चुन सकते हैं। इससे समय की बचत होती है और मरीज को जल्दी फायदा मिलता है। इसके अलावा, अब कई बार अलग-अलग इलाज को एकसाथ इस्तेमाल किया जाता हैजैसे इम्यूनोथेरेपी और कीमोथेरेपी साथ में देकर बेहतर परिणाम हासिल किए जाते हैं। साथ ही, अब सहायक इलाज (सपोर्टिव केयर) भी काफी बेहतर हो गया है, जिससे मरीज इलाज के दौरान भी अपनी जीवन गुणवत्ता बनाए रख पाते हैं।

एक डॉक्टर के रूप में, मेरे लिए संतोषजनक बात यह है कि आज मरीज केवल बीमारी से लड़ ही नहीं रहे, बल्कि बेहतर जीवन भी जी रहे हैं। कैंसर का इलाज अब सिर्फ बीमारी खत्म करने तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीज की पूरी देखभाल, उनकी जिंदगी की गुणवत्ता और उनके मनोबल को बनाए रखने भी ध्यान दिया जाता है।

अभी हमें और आगे बढ़ना है, लेकिन यह निश्चित है कि कैंसर के इलाज का भविष्य पहले से कहीं ज्यादा उज्ज्वल है।

Contact Us
+91 74004 15780 | info@precisononco.in | www.precisononco.in
Address: Unit No.117, 1st Floor, Inspire Hub by Adani,
Near DN Nagar Metro station, JP Rd, D.N.Nagar,
Andheri West, Mumbai - 400058, Maharashtra

Dr.Bharat Bhosale
precision oncocare

एक नजर में

नाली व पुलिया के लिए भूमिपूजन

सतना। वार्ड क्रमांक 12 में 26.05 लाख की लागत से स्वीकृत नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने किया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष (स्पीकर) राजेश चतुर्वेदी, पार्षद श्रीमती माया देवी कोल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण रावत सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

माहेश्वरी महिला मंडल ने स्टेशन में पिलाई छाछ

सतना, शनिवार को माहेश्वरी महिला मंडल, सतना द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में नि :शुल्क छाछ एवं ठंडे पानी के वितरण का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा दिव्या भुराड़िया, सचिव शुभलक्ष्मी धूत, उषा सोमानी, पूनम माहेश्वरी, नेहा माहेश्वरी, सुमन सोमानी, शीला मालपानी, प्रियंका धूत, वेदिका धूत, वानी धूत, सलोचना लड्ढा, श्रीमती संध्या गांधी, रितु साबू, कौशल्या राठी, भारती गांधी एवं अर्चना लड्ढा सहित अन्य सदस्याओं ने सक्रिय योगदान दिया।

स्थगन के बाद भी निर्माण कार्य

सतना, 6 जून. ग्राम खेरिया पैपखार, तहसील रामपुर बाघेलान निवासी मुन्नी देवी यावद पत्नी रामगोपाल यादव ने बताया कि उसकी स्वराज विभाग में दर्ज निजी भूमि जिसका खसरा नंद 361, 362 रकबा 58 डिस्मिल है जो सड़क से बिल्कुल लगी हुई भूमि है उस पर ठेकेदार द्वारा जबरन व दबंगई के बल पर सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि न्यायालय तहसीलदार तहसील रामपुर बाघेलान द्वारा स्थगन आदेश पारित कर ठेकेदार चन्द्रेश पाण्डेय एवं हल्का पटवारी पंकज सोनी को आदेशित किया गया था कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य उक्त आराजियों पर न किया जाए.

जांच में कमी मिलने पर 8 पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

सतना, 6 जून. शहर में बिजली चोरी और स्मार्ट मीटरों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ बिजली विभाग ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई की है।

अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह के आदेश पर और शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता मृगेंद्र सिंह चंदेल ने विभाग की विशेष टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक दबिश दी। इस सघन चेकिंग अभियान के तहत टीम ने कुल 30 उपभोक्ताओं के परिसरों की जांच की। इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाए जाने पर विद्युत अधिनियम के तहत 8 पंचनामे बनाकर लगभग 4 लाख रुपये का मामला दर्ज किया गया है।

शनिवार को बिजली विभाग की अलग-अलग टीमों ने शहर के कई इलाकों में एक साथ घेराबंदी की, जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा , आदर्श नगर और हवाई पट्टी क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता अटल कुमार मिश्रा ने विभागीय कर्मचारियों के साथ इन क्षेत्रों में सघन चेकिंग करते हुए दबिश दी और मौके पर पंचनामे तैयार किए.

स्विमिंग पूल व बैडमिंटन हॉल का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सतना 06 जून. जिले के खेल अधोसंरचना विकास को नई दिशा देते हुए जवाहरनगर स्थित दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्विमिंग पूल और बैडमिंटल हाल सहित दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम के शेष बचे निर्माण कार्यों का शनिवार को शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा की गई। कार्यक्रम में स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, स्मार्ट सिटी के डायरेक्टर महेन्द्र पाण्डेय, पार्षद आदित्य यादव, सूर्यपाल सिंह फुन्नू, तिलक राज, बालकृष्ण शुक्ला, एसडीएम राहुल सिलाडिया, खेल प्रशिक्षक एसपी तिवारी, दीपक बलेचा, विक्रम चौधरी, विजय तिवारी, मनीषा सिंह, रामाऔतार चमडिया, सिल्लू यादव, अनमोल गुप्ता, रामभाई त्रिपाठी, हेमराज पाण्डेय, सुनील सिंह परिहार सहित बडी संख्या में खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।